(b) if so, what are the main features of the proposed scheme and whether Government have formulated norms, and pension orders for senior citizens?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI SITARAM KESRI): (a) There is no such proposal with the Central Government. However, the State Governments/Union Territories have schemes for grant of pension to destitute aged persons, the minimum age of eligibility varying from 55 years to 70 years. The rate of pension also various from one State/UT to another.

(b) Does not arise.

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पर किया व्यय

3494. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 1988–89 से 1992–93 तक इन वर्गों के विद्यार्थियों को छात्रावास एवं अध्ययन सामग्री प्रदान करने पर प्रतिवर्ष कुल कितनी धनराशि खर्च की गई तथा इसमें केन्द्रीय सहायता की राशि कितनी थी ;

(ख) प्रश्नांकित अवधि के दौरान कुल कितने मूल्य की सामग्री प्रतिवर्ष अपलेखित (रिटन आफ) की गई, सरकार, विभागाध्यक्ष, संभाग एवं जिला प्रमुखों के स्तर पर कितनी कितनी राशि की सामग्री अपलेखित की गई तथा कितनी राशि की सामग्री अधिकारियों द्वारा अपलेखित की गई, उनका पदनाम सहित विवरण दीजिए ;

(ग) सामग्री क्रय करने एवं उनके अपलेखन का वित्तीय अधिकार किन-किन प्राधिकारियों को किस सीमा तक सौंपा गया है तथा उसके उल्लंघन के मामलों की संख्या कितनी है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) 30–6–93 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में क्रय की गई किन्तु वितरित न की गई सामग्री और उसके कुल मूल्य का ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी): (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये विशेष विद्यालय

3495. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा के विकास के लिए 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार कितने विशेष विद्यालय किन-किन स्थानों पर और कब-कब से स्थापित हैं;

(ख) इन प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा के विकास के लिए सामान्य विषयों के अध्यापन के अलावा और कौन-कौन सी व्यवस्थाएं की गई हैं तथा उनसे 1991–92 और 1992–93 के दौरान कितने छात्र लाभान्वित हुए हैं,

(ग) निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किए गए मूल्यांकन और इन विद्यालयों में शिक्षण के स्तर में सुधार करने के कार्य में लगी एजेंसियों और विशेषज्ञों का ब्यौरा क्या है, तथा उक्त मूल्यांकन कब-कब किए गए और उनके क्या परिणाम निकले,

(घ) इन विद्यालयों में छात्रों की सुविधा एवं शिक्षा प्रणाली को सुचारू बनाने के लिए विद्यालय भवनों, छात्रावासों, पुस्तकालयों आदि को अपेक्षित स्तर पर सुविधा किन-किन स्थानों में उपलब्ध है और जिन स्थानों में यह उपलब्ध नहीं है, वहां इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इन विद्यालयों को स्थापना के लिए दी गई केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) 8 माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, 6 कन्या शैक्षिक परिसर और एक गुरुकुल विद्यालय (कुल 15 स्कूल) जिनका विवरण संलग्न है, मध्य प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा स्थापित किए गए हैं । **(नीचे देखिये)**

(ख) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ङ) इन विशेष संस्थानों के लिए कोई केंद्रीय सहायता प्रदान नहीं की गई है ।

विवरण

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये विशेष स्कूल

क्र० सं०	विशेष स्कूल की किस्म	स्थान	शुरू होने का वर्ष
1	गुरूकुल विद्यालय	पंडारा रोड, जिला बिलासपुर	1979–80
2	माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय	फरसगांव, जिला बस्तर	1978–79
3	,,	बरवानी, जिला खरगोन	1980–81
4	,,	सिजरा, जिला मंडला	1980–81
5	,,	चुरहट, जिला सिधी	1980–81
6	,,	जशपुरनगर, जिला रायगढ़	1981–82
7	,,	सैलाना, जिला रतलाम	1981–82
8	,,	डोडी, जिला दुर्ग	1984–85
9	,,	तवानगर, जिला होशंगाबाद	1985–86
10	कन्या शैक्षिक परिसर	छिंदवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा	1979–80
11	,,	अम्बिकापुर, जिला सरगूजा	1980–81
12	,,	कुकशी, जिला धार	1981–82
13	,,	चौकी, जिला राजनन्दगांव	1984–85
14	,,	जगदलपुर, जिला बस्तर	1985–86
		पुष्पराजगढ़, जिला शहडोल	1986–87